भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2257**
7 अगस्त 2026 को उत्तरार्थ

**दीर्घकालिक कृषि परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए ऋण सहायता प्रदान करना**

**2257.** श्री विजय चिंताकायला:

**क्या कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार किसानों को कृषि से संबंधित यंत्रों, सिंचाई संरचनाओं, कटाई उपरांत अवसंरचना आदि सहित दीर्घकालिक कृषि परिसंपत्तियों के सृजन अथवा अधिग्रहण के लिए ऋण सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हाँ, तो ऐसी योजनाओं के अंतर्गत विगत तीन वर्षों के दौरान सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या का वर्ष-वार एवं राज्य-वार तथा आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार समर्थित विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत दीर्घकालिक कृषि परिसंपत्तियों के लिए संवितरित ऋण राशि का वर्ष-वार एवं राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने विशेषकर लघु, सीमांत तथा बटाईदार किसानों द्वारा दीर्घकालिक कृषि अवसंरचना के निर्माण में कमियों अथवा बाधाओं का कोई आकलन किया है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): विभाग कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत अधिकतम 7 वर्ष की अवधि के लिए 9 प्रतिशत की ब्याज दर सीमा पर 3 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज अनुदान और पात्र ऋणग्राही के लिए 2 करोड़ की सीमा तक ऋण गारंटी कवरेज के माध्यम से ऋण सहायता प्रदान करता है। यह सहायता पात्र लाभार्थियों जैसे किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), कृषि-उद्यमियों स्टार्ट-अप आदि को फसलोपरांत इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिंचाई संरचनाओं और कृषि परिसंपत्तियों जैसे कस्टम हायरिंग सेंटर, गोदामों, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, पैक-हाउस, छंटाई और ग्रेडिंग इकाइयों, एसेइंग (Assaying) सुविधाओं, सौर पंपों, प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्रों आदि के निर्माण के लिए उपलब्ध है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान, 1,27,931 लाभार्थियों ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के तहत लाभ उठाया है, जिसमें देश भर में 46,480.10 करोड़ रुपये की राशि का ऋण वितरित किया गया है। इनमें से 4,015 लाभार्थी आंध्र प्रदेश के हैं, जिनको राज्य में 1,759.08 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार विवरण के साथ-साथ एआईएफ के तहत लाभार्थियों और वितरित ऋण का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): विभाग स्टेकहोल्डर परामर्श, आवधिक समीक्षाओं, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, वित्तीय संस्थानों से फीडबैक के माध्यम से फसलोपरांत दीर्घकालिक कृषि अवसंरचना के सृजन में छोटे और सीमांत किसानों सहित किसानों के समक्ष आ रही बाधाओं का लगातार आकलन करता है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत संस्थागत ऋण तक पहुंच में सुधार करने के लिए सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपाय किए हैं -

(i) पात्र गतिविधियों की सूची के तहत एकीकृत प्राथमिक और द्वितीयक प्रसंस्करण, मशरूम, हाइड्रोपोनिक्स, वर्टिकल खेती, पीएम-कुसुम घटक-ए आदि जैसी अतिरिक्त व्यवहार्य कृषि अवसंरचना परियोजनाओं को शामिल करके योजना के दायरे का विस्तार किया गया है।
(ii) प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटियों (पीएसीएस) की वेयरहाउस/गोदाम परियोजनाओं के लिए ऋण गारंटी कवरेज की अवधि को 2+5 वर्ष से बढ़ाकर 2+8 वर्ष कर दिया गया है।
(iii) ऑनलाइन आवेदन, परियोजना निगरानी, ऋणदाता संस्थाओं के साथ एकीकरण और अन्य सरकारी योजनाओं के साथ अभिसरण को सुविधाजनक बनाने के लिए एक डिजिटल सिंगल-विंडो एआईएफ पोर्टल विकसित किया गया है।

अनुबंध

**'दीर्घकालिक कृषि परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए किसानों को ऋण सहायता प्रदान करना' पर राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2257 के भाग (क से ग) में संदर्भित विवरण जिसका उत्तर 07.08.2026 को दिया जाना है**

क. देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान एआईएफ के तहत लाभार्थियों की संख्या और वितरित राशि का राज्यवार और वर्षवार विवरण

(राशि करोड़ रुपये में)

| क्र.सं. | राज्य और संघ राज्य क्षेत्र | 2023-2024 | | 2024-2025 | | 2025-2026 | | कुल (पिछले 3 वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | - | - | 1 | 0.30 | 1 | 0.30 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 312 | 228.40 | 926 | 339.76 | 2772 | 666.68 | 4010 | 1,234.85 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 0.92452 | - | - | - | - | 2 | 0.92 |
| 4 | असम | 175 | 229.32 | 115 | 110.59 | 172 | 87.46 | 462 | 427.37 |
| 5 | बिहार | 417 | 359.36 | 744 | 412.86 | 758 | 267.57 | 1919 | 1,039.79 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2 | 1.77 | 2 | 1.02 | 1 | 0.26 | 5 | 3.05 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 512 | 462.51 | 954 | 603.07 | 1886 | 557.92 | 3352 | 1,623.49 |
| 8 | दिल्ली | 3 | 4.43 | 2 | 7.75 | 4 | 1.26 | 9 | 13.44 |
| 9 | गोवा | 8 | 2.87 | 8 | 22.40 | 4 | 2.49 | 20 | 27.76 |
| 10 | गुजरात | 958 | 948.83 | 1370 | 1,016.46 | 1952 | 980.39 | 4280 | 2,945.68 |
| 11 | हरियाणा | 2049 | 894.96 | 3068 | 1,023.80 | 4136 | 1,238.40 | 9253 | 3,157.16 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 192 | 60.90 | 255 | 76.23 | 431 | 161.25 | 878 | 298.38 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 40 | 76.55 | 100 | 196.46 | 160 | 100.56 | 300 | 373.56 |
| 14 | झारखंड | 104 | 69.75 | 180 | 103.77 | 242 | 73.87 | 526 | 247.39 |
| 15 | कर्नाटक | 900 | 759.05 | 1081 | 942.93 | 1084 | 582.85 | 3065 | 2,284.83 |
| 16 | केरल | 971 | 250.90 | 1381 | 308.32 | 1447 | 276.62 | 3799 | 835.84 |
| 17 | लद्दाख | - | - | - | - | 1 | 0.34 | 1 | 0.34 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 2617 | 1,279.38 | 4732 | 1,598.59 | 8173 | 1,821.12 | 15522 | 4,699.09 |
| 19 | महाराष्ट्र | 3406 | 1,419.43 | 3273 | 1,932.70 | 5017 | 1,899.11 | 11696 | 5,251.24 |
| 20 | मणिपुर | 1 | 0.19 | - | - | 1 | 0.22 | 2 | 0.41 |
| 21 | मेघालय | - | - | - | - | 1 | 0.50 | 1 | 0.50 |
| 22 | मिजोरम | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 23 | नागालैंड | 1 | 1.75 | - | - | - | - | 1 | 1.75 |
| 24 | ओडिशा | 853 | 522.95 | 1405 | 559.61 | 2541 | 680.74 | 4799 | 1,763.30 |
| 25 | पुडुचेरी | 1 | 1.10 | 4 | 1.23 | 5 | 2.82 | 10 | 5.15 |
| 26 | पंजाब | 9533 | 2,128.84 | 10112 | 1,904.58 | 10548 | 2,223.46 | 30193 | 6,256.88 |
| 27 | राजस्थान | 974 | 690.90 | 1146 | 494.96 | 2149 | 737.88 | 4269 | 1,923.74 |
| 28 | तमिलनाडु | 2446 | 686.26 | 1335 | 760.87 | 1658 | 550.86 | 5439 | 1,997.99 |
| 29 | तेलंगाना | 639 | 679.23 | 933 | 733.47 | 1591 | 1,113.86 | 3163 | 2,526.56 |
| 30 | त्रिपुरा | 3 | 6.40 | 3 | 3.57 | 1 | 0.05 | 7 | 10.02 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | उत्तर प्रदेश | 2697 | 1,792.39 | 4885 | 1,888.72 | 5685 | 1,670.73 | 13267 | 5,351.84 |
| 32 | उत्तराखंड | 167 | 100.07 | 189 | 174.41 | 176 | 77.79 | 532 | 352.27 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 1608 | 536.94 | 2553 | 630.44 | 2987 | 657.84 | 7148 | 1,825.22 |
| सकलयोग | | 31591 | 14,196.35 | 40756 | 15,848.57 | 55584 | 16,435.18 | 127931 | 46,480.10 |

ख. आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान एआईएफ के तहत लाभार्थियों की संख्या और वितरित राशि का जिलावार और वर्षवार वरण

(राशि करोड़ रुपये में)

| क्र. सं. | जिला | 2023-2024 | | 2024-2025 | | 2025-2026 | | कुल (पिछले 3 वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि | कुल | वितरित राशि |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | - | - | 1 | 0.11 | 6 | 0.96 | 7 | 1.07 |
| 2 | अनकापल्ली | 5 | 2.51 | 30 | 4.49 | 20 | 2.48 | 55 | 9.48 |
| 3 | अनंतपुर | 15 | 4.23 | 30 | 5.6 | 146 | 36.41 | 191 | 46.24 |
| 4 | अन्नामय्या | 1 | 0.35 | 2 | 0.23 | 31 | 3.66 | 34 | 4.24 |
| 5 | बापटला | 8 | 5.69 | 26 | 7.01 | 77 | 15.55 | 111 | 28.25 |
| 6 | चित्तूर | 3 | 6.86 | 4 | 13.58 | 21 | 2.5 | 28 | 22.94 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 6 | 6.39 | 27 | 7.25 | 140 | 26.32 | 173 | 39.96 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 23 | 7.98 | 107 | 28.74 | 294 | 69.24 | 424 | 105.96 |
| 9 | एलुरु | 13 | 13.03 | 56 | 21.03 | 163 | 50.11 | 232 | 84.17 |
| 10 | गुंटूर | 11 | 16.29 | 25 | 11.29 | 72 | 14.73 | 108 | 42.31 |
| 11 | काकीनाडा | 9 | 9.82 | 50 | 26.96 | 195 | 37.82 | 254 | 74.6 |
| 12 | कृष्ण | 18 | 21.77 | 30 | 11.7 | 98 | 21.85 | 146 | 55.32 |
| 13 | कुरनूल | 8 | 3.26 | 34 | 15.77 | 95 | 21.97 | 137 | 41 |
| 14 | मरकापुरम* | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 15 | नंदयाल | 28 | 13.42 | 81 | 26.16 | 243 | 66.02 | 352 | 105.6 |
| 16 | एनटीआर | 9 | 5.45 | 31 | 14.33 | 106 | 26.99 | 146 | 46.77 |
| 17 | पलनाडु | 20 | 36.73 | 19 | 9.55 | 106 | 20.37 | 145 | 66.65 |
| 18 | पार्वतीपुरम मान्यम | 20 | 3.93 | 23 | 10.7 | 52 | 17.07 | 95 | 31.7 |
| 19 | प्रकाशम | 7 | 6.07 | 10 | 10.59 | 77 | 17.19 | 94 | 33.85 |
| 20 | पोलावरम* | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 21 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 13 | 6.17 | 34 | 16.29 | 187 | 43.32 | 234 | 65.78 |
| 22 | श्री सत्य साई | 4 | 0.28 | 3 | 1.8 | 28 | 2.59 | 35 | 4.67 |
| 23 | श्रीकाकुलम | 39 | 9.07 | 71 | 22.44 | 93 | 27.57 | 203 | 59.08 |
| 24 | तिरुपति | 7 | 11.49 | 15 | 9.91 | 57 | 10.18 | 79 | 31.58 |
| 25 | विशाखापत्तनम | 9 | 8.76 | 12 | 4.76 | 1 | 0.4 | 22 | 13.92 |
| 26 | विजयनगरम | 19 | 13.32 | 99 | 22.54 | 99 | 33.22 | 217 | 69.08 |
| 27 | पश्चिम गोदावरी | 9 | 13 | 89 | 30.3 | 259 | 65.27 | 357 | 108.57 |
| 28 | वाई.एस.आर. | 8 | 2.54 | 17 | 6.63 | 111 | 32.9 | 136 | 42.07 |
| सकलयोग | | 312 | 228.41 | 926 | 339.76 | 2777 | 666.69 | 4015 | 1234.86 |

* 1 जनवरी, 2026 को मरकापुरम और पोलावरम नामक दो जिलों का गठन किया गया।

*****